भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 1791

सोमवार, 31 जुलाई, 2023/09 श्रावण, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

दरभंगा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आवंटित निधि

1791 श्री राम कृपाल यादव

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार ने देश में पर्यटन के विकास हेतु राज्यों को सहायता प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों को कार्यान्वित किया है;

(ख) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों के दौरान दरभंगा, बिहार में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आबंटित निधि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान स्वीकृत परियोजनाओं के अंतर्गत योजना-वार कितनी निधि आवंटित और उपयोग की गई और पाटलिपुत्र में पर्यटन विकास की रूपरेखा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ''स्वदेश दर्शन'' ''तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) सम्बन्धी राष्ट्रीय मिशन'' और ''पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता'' योजनाओं के अंतर्गत बिहार सहित देश में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों में पर्यटन सम्बन्धी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र (यूटी) प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

इसके अतिरिक्त आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के अंतर्गत मेलों/महोत्सवों तथा पर्यटन सम्बन्धी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी बिहार सहित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

बिहार राज्य में ऊपर उल्लिखित योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं और आवंटित निधियों का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

****

अनुबंध

दरभंगा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आवंटित निधि के सम्बन्ध में दिनांक 31.07.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न 1791 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना (करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य	परिपथ/ स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि	उपयोग की गई राशि
1.	बिहार	तीर्थंकर परिपथ 2016-17	वैशाली- आरा - मसाद - पटना - राजगीर-पावापुरी-चंपापुरी का विकास	33.96	30.04	26.19
2.	बिहार	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	कांवड़िया मार्ग का विकास : सुल्तानगंज - धर्मशाला – देवघर	44.76	42.52	40.51
3.	बिहार	बौद्ध परिपथ 2016-17	पर्यटक परिपथ का विकास- बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	95.18	93.22	93.22
4.	बिहार	ग्रामीण परिपथ 2017-18	भितिहरवा - चंद्राहिया – तुर्कौलिया का विकास	44.27	39.96	35.72
5.	बिहार	आध्यात्मिक परिपथ 2017-18	मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास	44.55	42.32	39.34
6.	-	मार्गस्थ सुविधाएं 2018-19	सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी - गया; कुशीनगर - गया - कुशीनगर में मार्गस्थ सुविधाओं का विकास	15.07	14.32	14.16

प्रशाद योजना (करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य	परियोजना का नाम	संस्वीकृति वर्ष	अनुमोदित लागत	जारी की गई राशि	उपयोग की गई राशि
1.	बिहार	पटना साहिब का विकास	2015-16	41.54	33.23	31.47
2.		विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में बुनियादी सुविधाओं का विकास	2014-15	4.27	2.91	2.91

पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	राज्य	परियोजनाओं का नाम	केंद्रीय एजेंसी	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त राशि	उपयोग की गई राशि
वर्ष 2013-14						
1.	बिहार	रेल मंत्रालय के सहयोग से गया रेलवे स्टेशन में पर्यटक सुविधाओं का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	5.18	4.14	प्राप्त नहीं हुई है।

आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत मेलों/महोत्सवों तथा पर्यटन सम्बन्धी समारोहों के आयोजन हेतु प्रदत्त वित्तीय सहायता

(लाख रु. में)

राज्य का नाम	वर्ष	मेले और उत्सवों के नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
बिहार	2019-20	सोनपुर मेला	25.00	25.00
		राजगीर महोत्सव	25.00	25.00

****